भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1113
08 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

ओडिशा में पीएमएवाई की स्थिति

1113. कुमारी चन्द्राणी मुर्मु:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना की क्या स्थिति है;

(ख) ओडिशा में जिले-वार कितने आवासों का निर्माण किया गया है; और

(ग) मयूरभंज और क्योंझर जिलों में पीएमएवाई के अंतर्गत कितने मकान बनाए जायेंगे?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क) से (ग): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ओडिशा राज्य सहित पूरे देश में सभी पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी सिविक सुविधाओं के साथ पक्का आवास प्रदान करने के लिए 25.06.2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) कार्यान्वित कर रहा है। प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर, पीएमएवाई-यू के तहत ओडिशा राज्य के लिए कुल 2.03 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं। स्वीकृत आवासों में से 1.74 लाख आवासों का निर्माण शुरू हो चुका है**;** जिनमें से 1.41 लाख आवास पूर्ण/सुपुर्द हो चुके हैं। मयूरभंज और क्योंझर जिलों सहित ओडिशा में स्वीकृत और निर्मित आवासों का जिला-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

पीएमएवाई-यू, जो पहले 31.03.2022 तक थी, को बिना वित्त पोषण पैटर्न और कार्यान्वयन पद्धति को बदले सभी स्वीकृत आवासों को पूरा करने के लिए**,** सीएलएसएस घटक को छोड़कर, 31.12.2024 तक बढ़ा दिया गया है।

*****

दिनांक 08-02-2024 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1113 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पीएमएवाई-यू के तहत मयूरभंज और क्योंझर सहित ओडिशा की जिलेवार वास्तविक प्रगति

क्र.सं.	जिला	स्वीकृत आवास (संख्या)	निर्माणाधीन आवास (संख्या)	पूर्ण हुए आवास (संख्या)
1	अंगुल	6,137	5,686	4,826
2	बलांगीर	5,872	4,650	3,590
3	बालेश्वर	7,983	6,504	5,481
4	बारगढ़	4,536	4,245	4,028
5	बौध	1,256	1,192	1,013
6	भद्रक	10,587	9,657	8,470
7	कटक	11,904	9,951	8,465
8	देबागढ़	1,537	1,322	1,222
9	ढेंकनाल	11,372	9,216	7,530
10	गजपति	1,182	1,113	1,049
11	गंजम	18,194	16,571	15,412
12	जगतसिंहपुर	1,831	1,831	1,831
13	जाजापुर	3,418	3,170	2,806
14	झारसुगुडा	3,263	3,127	2,747
15	कालाहांडी	5,918	4,553	3,811
16	कंधमाल	3,977	3,376	2,813
17	केंद्रपाड़ा	5,609	4,887	4,184
18	केंदुझर	8,712	6,016	4,534
19	खोरधा	20,619	18,811	11,172
20	कोरापुट	13,396	11,251	7,958
21	मल्कानगिरी	2,019	1,925	974
22	मयूरभंज	8,009	7,120	5,668
23	नबरंगपुर	3,317	2,796	2,368
24	नयागढ़	3,964	3,755	3,439
25	नुआपाड़ा	6,677	5,328	4,224
26	पुरी	5,122	4,604	3,716
27	रायगढ़	3,447	2,822	2,202
28	संबलपुर	9,691	8,085	6,520
29	सुबरनपुर	4,367	4,045	3,421
30	सुंदरगढ़	9,464	6,183	5,158
कुल		**2,03,380**	**1,73,792**	**1,40,632**